# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी मसूदा अजमेर
## पीठासीन अधिकारी सुरेश चावला(RAS)
### राजस्व प्रार्थना पत्र 30/2018

1 श्री विश्राम पुत्र श्री कल्याण जाति जाट निवासी बरल द्वितीय बिजयनगर जिला अजमेर ।

.................... प्रार्थी

बनाम

1 श्री मदनलाल मुतबन्ना पुत्र श्री शंकर जाति साधू तहसील बिजयनगर ।
2 श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री हीरा जाति ब्राहाम्ण तहसील बिजयनगर ।
3 श्री काना पुत्र श्री भीया जाति जाट बिजयनगर जिला अजमेर ।
4 श्री रामपाल पुत्र श्री रूधनाथ जाति जाट बिजयनगर जिला अजमेर ।
5 श्री राधेश्याम पुत्र श्री शंकरलाल जाति ब्राहाम्ण समस्त निवासीगण बरल द्वितीय बिजयनगर जिला अजमेर ।
6 मधू पत्नि सूशील कुमार खटोड जाति जैन निवासी बिजयनगर
7 राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार महोदय, बिजयनगर

.............अप्रार्थीगण

राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम

प्रार्थी ने इस प्रार्थना पत्र में निवेदन किया है कि ग्राम बरल द्वितीय पटवार मंडल बरल द्वितीय तहसील बिजयनगर जिला अजमेर स्थित आराजी ख0 न0 696 रकबा 03–04–00 बिस्वा उनकी खुदकाश्त से संयुक्त खातेदारी की भूमि है जिनमें पडौसी काश्तकार अप्रार्थीगण पाल डोल डालने को लेकर विवाद करते रहते है अतः नियमानुसार पत्थरगढी करवाई जावे।

अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अनुपस्थित रहने से एक तरफा कार्यवाही अमल में लायी गयी।

वकील प्रार्थी को सुनाया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। ग्राम बरल द्वितीय पटवार मंडल बरल द्वितीय की जमाबंदी संवत 2070–73 के खाता संख्या 658 में ख0 न0 696 रकबा 03–04–00 बिस्वा प्रार्थीगण की खातेदारी की भूमि में है अतः वे पत्थरगढी करवाने के अधिकारी पाये जाते है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है और आदेश दिये जाते है कि –

आदेश

तहसीलदार बिजयनगर को ग्राम बरल द्वितीय स्थित प्रश्नगत आराजी ख0 न0 696 रकबा 03–04–00 बिस्वा में मौका कमीश्नर रु 1500/– कोस्ट पर नियुक्त किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि वह प्रश्नगत भूमि मौके पर जरिये माप एवं सीमांकन सीमा कायम कर पत्थरगढी कारवाना सुनिश्चित करें।

निर्णय आज दिनांक 14/5/18 को सरे इजलास अदालत में सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Mohan Lal Khatnawalia
Date: 2019.12.05 16:44:24 IST
Reason: SelfAttested